जय राजस्थान दिनांक : 29 नवम्बर, 2014 पेज : 2

आवेदन के लिए आज अंतिम दिवस

एमएमसीएफ सम्मानित करेगा देश-विदेश की विभूतियों को, मार्च में होगा समारोह

उदयपुर, 28 नवंबर। विश्व, देश, राज्य व अंचल स्तर पर समाज सेवा, विज्ञान, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उगेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के संबंध में महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन उदयपुर ने विभूतियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आगामी 22 मार्च 2015, रविवार को होने वाले 33वें महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन वार्षिक अलंकरण सम्मान समारोह में फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड़ विभूतियों को सम्मानित करेंगे। सम्मान के तहत प्रविष्टियों के लिए शनिवार को अंतिम दिवस रहेगा। फाउण्डेशन इससे पूर्व अपने 32वें सम्मान समारोह तक 3955 विभूतियों का सम्मान कर चुका है।

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर द्वारा आयोजित 33वें महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन वार्षिक अलंकरण सम्मान समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि सम्मानों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं आवेदन कर सकती हैं। आवेदन पत्र फाउंडेशन की वेबसाइट www.eternalmewar.in/collaboration/awards/download.aspx से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र सिटी पैलेस उदयपुर के बड़ी पोल स्थित काउंटर से प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि सम्मान समारोह में कर्नल जेम्स टॉड सम्मान, हल्दीघाटी सम्मान, हकीम खां सूर सम्मान, महाराणा उदयसिंह सम्मान, पन्नाधाय सम्मान, महर्षि हारीत राशि सम्मान, महाराणा मेवाड़ सम्मान, महाराणा कुंभा सम्मान, महाराणा सगान सिंह सम्मान, डागर घराना सम्मान, राणा पूंजा सम्मान, अरावली सम्मान, भामाशाह सम्मान, महाराणा राज सिंह सम्मान तथा महाराणा फतह सिंह सम्मान प्रदान किए जाएंगे।